दैनिक भास्कर
बिलासपुर भास्कर 29-04-2026

हाईकोर्ट • महासमुंद के आत्मानंद स्कूल का मामला, छात्रा ने स्टिंग कर खोली पोल

बारहवीं बोर्ड परीक्षा में शिक्षक ने कराई नकल, हाई कोर्ट ने स्कूल शिक्षा सचिव से मांगा जवाब

लीगलरिपोर्टर | बिलासपुर

12वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान सामूहिक नकल का एक बड़ा मामला सामने आया है । महासमुंद जिले के भंवरपुर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में चल रही इस धांधली का पर्दाफाश एक छात्रा ने किया। छात्रा परीक्षा हॉल के भीतर हो रही नकल का बाकायदा स्टिंग ऑपरेशन किया और सबूतों के साथ अधिकारियों से शिकायत की। इसे लेकर प्रकाशित खबर पर हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव से जवाब मांगा है। अब 4 मई को सुनवाई होगी।

12वीं की परीक्षा दे रही छात्रा नीता जगत ने शिक्षक के नकल कराने का स्टिंग किया। छात्रा का आरोप है कि परीक्षा केंद्र पर नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गईं। फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित जैसे कठिन विषयों के पेपर में ड्यूटी पर तैनात शिक्षक छात्रों को उत्तर बोल-बोलकर लिखवा रहे थे। परीक्षा केंद्र पर न तो चेकिंग हो रही थी और न ही कोई कड़ाई थी। छात्र और शिक्षक बेखौफ होकर मोबाइल फोन लेकर अंदर जा रहे थे। जब छात्रा ने इस खुलेआम हो रही नकल का विरोध किया और केंद्राध्यक्ष से शिकायत की, तो उसे मदद मिलने के बजाय चुप रहने की धमकी दी गई। छात्रा ने बताया कि उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और डराया गया, जिससे उसकी तबीयत भी खराब हो गई। छात्रा को ही नकल के झूठे केस में फंसाने का प्रयास किया गया। उसके डेस्क पर पहले से कुछ लिखा हुआ छोड़ दिया गया था, जिसका विरोध करने पर उसकी सीट बदली गई।

आरोप- रिजल्ट बेहतर करने कई केंद्रों पर नकल

आरोप है कि बेहतर रिजल्ट के चक्कर में जिला स्तर के अधिकारियों के दबाव में कई केंद्रों पर नकल की खुली छूट दी गई। प्रदेश के कई केंद्रों से एक जैसे जवाब वाली उत्तर पुस्तिकाएं मिलने की भी खबरें हैं। अब इस मामले पर हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया है। सरकार से पूछा है कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। छात्रा ने मांग की है कि भंवरपुर केंद्र की परीक्षा रद्द कर दोबारा कराई जाए और दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई हो।